रजिस्ट्री सं॰ डी॰ एल॰-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 954] नई दिल्ली, शुक्रवार, सितम्बर 9, 2005/भाद्र 18, 1927
No. 954] NEW DELHI, FRIDAY, SEPTEMBER 9, 2005/BHADRA 18, 1927

**वित्त मंत्रालय**

(राजस्व विभाग)

(केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड)

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 7 सितम्बर, 2005

(आयकर)

**का.आ. 1258(अ).**—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 120 की उपधाराओं (1) एवं (2) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड एतद्द्वारा दिनांक 9 सितम्बर, 2004 की भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग), केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड की अधिसूचना संख्या का.आ. 994(अ), में निम्नलिखित संशोधनं करता है, नामत: :—

उक्त अधिसूचना में, संलग्न अनुसूची में क्रम संख्या 3, 4 एवं 5 एवं उनसे सम्बन्धित प्रविष्टियों को निम्नलिखित क्रम संख्याओं एवं प्रविष्टियों से क्रमश: प्रतिस्थापित किया जाएगा, नामत: :—

**अनुसूची**

| क्रम संख्या | आयकर प्राधिकारियों के पदनाम | मुख्यालय | प्रादेशिक क्षेत्र | व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का वर्ग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 3. | संयुक्त आयकर आयुक्त (अंतरण मूल्य निर्धारण अधिकारी-I) मुम्बई | मुम्बई | महाराष्ट्र, गुजरात, एवं मध्य प्रदेश, दमन एवं दीव राज्यों की प्रादेशिक सीमाओं के भीतर आने वाले क्षेत्र | ऐसे व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का वर्ग जिनके नाम वर्णमाला ए से ई तक शुरू होते हैं तथा जिनका कर निर्धारण कॉलम 4 में उल्लिखित प्रादेशिक क्षेत्र में उनके कार्यालय वाले कर निर्धारणं अधिकारी के क्षेत्राधिकार के भीतर किया जाता है अथवा कर निर्धारण योग्य हैं। |
| 4. | संयुक्त आयकर आयुक्त (अंतरण मूल्य निर्धारण अधिकारी-II) मुम्बई | मुम्बई | महाराष्ट्र, गुजरात, एवं मध्य प्रदेश, दमन एवं दीव राज्यों की प्रादेशिक सीमाओं के भीतर आने वाले क्षेत्र | ऐसे व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का वर्ग जिनके नाम वर्णमाला एफ से पी तक शुरू होते हैं तथा जिनका कर निर्धारण कॉलम 4 में उल्लिखित प्रादेशिक क्षेत्र में उनके कार्यालय वाले कर निर्धारण अधिकारी के क्षेत्राधिकार के भीतर किया जाता है अथवा कर निर्धारण योग्य हैं। |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 5. | संयुक्त आयकर आयुक्त (अंतरण मूल्य निर्धारण अधिकारी-III) मुम्बई | मुम्बई | महाराष्ट्र, गुजरात, एवं मध्य प्रदेश, दमन एवं दीव राज्यों की प्रादेशिक सीमाओं के भीतर आने वाले क्षेत्र | ऐसे व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का वर्ग जिनके नाम वर्णमाला क्यू से जेड तक शुरू होते हैं तथा जिनका कर निर्धारण कॉलम 4 में उल्लिखित प्रादेशिक क्षेत्र में उनके कार्यालय वाले कर निर्धारण अधिकारी के क्षेत्राधिकार के भीतर किया जाता है अथवा कर निर्धारण योग्य हैं। |

[अधिसूचना सं. 196/2005/फा.सं. 187/11/2005-आ.क.नि.-I]

देवी शरण सिंह, अवर सचिव